11 दिवसीय हवन की पूर्णाहूति

जोधपुर। राईकाबाग स्थित जुगल जोड़ी बाबा रामदेव मंदिर में पर्यावरण संरक्षण की कामना को लेकर आयोजित 11 दिवसीय अखंड हवन का रविवार को समापन हुआ। जिसमें प्रतिदिन 51 हजार से अधिक आहुतियां देकर खुशहाली की कामना की गई।

रघुवीरसिंह भदावत ने बताया कि सैनाचार्य स्वामी अचलानंद गिरि महाराज के सान्निध्य में आयोजित हवन की पूर्ण आरती रविवार को हुई। केबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समापन समारोह में शहर विधायक अतुल भंसाली, समाजसेवी सुरेश बुगालिया, विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष प्रदीप सांखला, उपाध्यक्ष विजयसिंह परिहार सम्मानित अतिथि के रूप में मौजूद थे। सैनाचार्य ने कहा कि हवन धार्मिक और वैज्ञानिक दोनों ही दृष्टिकोण फायदे मंद है। हवन से देवता प्रसन्न होते हैं, पूजा सफल होती है और ठाह दोष दूर होते हैं। हवन से जो धुंआ निकलता है उससे वातावरण शुद्ध होता है। वहीं हवन में प्रयोग की जाने वाली सामठी जैसे कपूर, लौंग, आम की लकड़ी, घी, अक्षत, गोबर के कंडे आदि से हानिकारक जीवाणु नष्ट होते हैं। सैनाचार्य ने बताया कि प्राचीन काल में तो रोगी को स्वस्थ करने के लिए भी हवन किए जाते थे। इसे वैद्य या रोग की प्रकृति के अनुसार कराया जाता है। इससे पूर्व आगंतुक अतिथियों का रघुवीरसिंह भदावत, मदन सैन, महावीरसिंह गंठिया ने स्वागत किया।

स्कूल के निर्माणधीन भवन का समिति सदस्यों ने अवलोकन किया

चौपासनी शिक्षा समिति जनरल काउंसिल की बैठक में अनेक विषयों पर हुई चर्चा, सैनिक स्कूल की प्रगति के बारे में जानकारी ली

जोधपुर । चौपासनी शिक्षण संस्थान परिसर में संचालित श्री हनवन्त सैनिक स्कूल का चौपासनी शिक्षा समिति के जनरल काउंसिल के सदस्यों ने रविवार को अवलोकन किया।

चौपासनी शिक्षा समिति के सचिव डॉ छोटू सिंह बुचेटी ने बताया कि रविवार को आयोजित जनरल काउंसिल की बैठक के बाद में जनरल काउंसिल के सभी सदस्यों ने संस्थान के परिसर में संचालित श्री हनवन्त सैनिक स्कूल का निरीक्षण किया।

चौपासनी शिक्षा समिति के अध्यक्ष रावल किशन सिंह जसोल ने बताया कि संस्थान के मुख्य संरक्षक महाराजा गज सिंह जी के सार्थक प्रयासों से जोधपुर में चौपासनी शिक्षण संस्थान परिसर में श्री हनवन्त सैनिक स्कूल कि केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत हुई। संस्थान के लिए यह बड़ी महत्वपूर्ण उपलब्धि रही । उन्होंने बताया कि सैनिक स्कूल के लिए नया भवन बनकर लगभग पूर्ण होने जा रहा है। छात्रों के लिए हॉस्टल सुविधा व सभी तरह के खेल ग्राउंड पर्याप्त रूप से उपलब्ध है।

चौपासनी शिक्षा समिति के जनरल काउंसिल के सदस्यों ने रविवार को स्कूल का अवलोकन किया।

चौपासनी शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष व निर्माण कमेटी के अध्यक्ष गजेंद्र पाल सिंह पोषाणा ने बताया कि जनरल काउंसिल के सदस्यों ने श्री हनवन्त सैनिक स्कूल के निर्माणधीन भवन का भी अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि श्री हनवन्त सैनिक स्कूल के लिए अलग से एक नया भवन बन रहा है जिसमें दो मंजिल भवन में 12 कमरे और दो बड़े हाल है। उन्होंने बताया कि भवन का निर्माण हेरिटेज लुक के साथ हो रहा है। यह भवन अगले दो माह में पूर्ण हो जाएगा और उसमें सैनिक स्कूल शिफ्ट हो जाएगी। श्री हनवन्त सैनिक स्कूल चौपासनी के प्राचार्य कर्नल जयदेव सिंह राठौड़ ने बताया कि वर्ष 2023-24 में सैनिक स्कूल की स्वीकृति हुई ,वर्तमान में प्रथम सत्र शुरू हुआ है। कक्षा 6 में कुल 28 विद्यार्थी है और शीघ्र ही 85 विद्यार्थी और आने वाले हैं। इससे पूर्व मयूर चोपासनी विद्यालय के सभागार में चौपासनी शिक्षा समिति जनरल काउंसिल की बैठक आयोजित हुई। बैठक में एजेंडा के अनुसार विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। उपस्थित सभी ने शिक्षण संस्थान को आगे बढ़ ाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। प्रारंभ में चौपासनी शिक्षा समिति के अध्यक्ष रावल किशन सिंह जसोल ने प्रगति के बारे में जानकारी, सचिव डॉ छोटू सिंह बुचेटी ने प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बैठक में निर्माण समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष गजेंद्र पाल सिंह पोषणा ने निर्माण कार्यों के बारे में जानकारी दी, धनंजय सिंह, छोटू सिंह उदावत, दुर्जन सिंह चोरड़िया, मोहन सिंह भाटी, मोहन सिंह खींची , देवेंद्र करण , गजेंद्र सिंह कालवी, राजेंद्र सिंह लीलिया, भूपेंद्र सिंह सोढ ा , वीरेंद्र सिंह बछवारी ने अपने विचार व्यक्त किए।

सार-समाचार

कृष्णपाल सिंह अध्यक्ष निर्वाचित

जालोर। जालोर शहर के भीनमाल रोड स्थित आदर्श विद्या मंदिर में राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा जालोर के निर्वाचन के लिए चुनाव अधिकारी कपूरसिंह राजपुरोहित और पर्यवेक्षक ललित ओझा ने लोकतांत्रिक प्रणाली से निर्वाचन करवाया। चुनाव अधिकारी ने बताया कि शाखा के निर्वाचन के लिए निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मतदान हुआ जिसमें उपशाखा अध्यक्ष पद पर कृष्णपालसिंह सामुजा निर्वाचित हुए। वहीं मंत्री मूलाराम प्रजापत, महिला मंत्री मीना परमार का निर्वाचन हुआ कोषाध्यक्ष का दायित्व मुकेश सुन्देशा को मिला। निर्धारित नियमानुसार प्रदेश महासमिति सदस्य के लिए शैतानसिंह राजपुरोहित, नरेश बामनिया, नारायणलाल, दहिया, अंबिकाप्रसाद तिवारी, नाथाराम, पूर्णप्रकाश नाग, नरेंद्रकुमार तथा निशा कुट्टी निर्वाचित हुए। उपशाखा के मतदाताओं की कुल संख्या के चार प्रतिशत निर्वाचन अनुसार 40 सदस्य सूरजसिंह, नाथूराम, शांतिलाल दवे, भानुमति, हेमंत दवे नरेश बामनिया मंगलसिंह नारायणलाल मदन सुथार जेङ्गूसिंह पूरनसिंह राजशेखर उदाराम सुथार उदयसिंह गंगासिंह सिंधल हितेशकुमार छैलसिंह भाटी मांगीलाल देवासी ईश्वरसिंह भदावत मुकेश कुमार शिवप्रतापसिंह यशवंत कुमार शर्मा कानसिंह रचना नवल गीता परिहार देवेश दुआ शंभूसिंह शैतानसिंह काबावत, हितेशकुमार दवे करणसिंह जसपालसिंह राठौड मुकेश सुंदेशा चुनाराम बोराणा नरपत आर्य विमला पूरी कल्पेश बोहरा गोपीलाल गर्ग खुशवंत नाग राजू त्रिपाठी व संतोष सोलंकी का निर्वाचन किया गया इस के लिए कुल 72 नामांकन थे। उप शाखा के लिए निर्वाचित सदस्यों की चुनाव अधिकारी ने घोषणा की तथा सभी दायित्व वान शिक्षकों को शपथ दिलवाई गई। इस दौरान चंदनसिंह चंपावत रमेश पुरोहित गणपतसिंह मंडलावत अर्जुनसिंह कबावत आनदसिंह अभिषेक चारण ईश्वरदान किरणसिंह चंद्रप्रकाश गर्ग भाग्यवती सहित ब्लॉक के कई शिक्षक और उपशाखा सदस्य उपस्थित रहे।

12 मोटरों सहित दो जने गिरफ्तार

गुडामालानी। बाडमेर जिला पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीना के द्वारा जिले भर में चलाए जा रहे अभियान के तहत रामजी का गोल पुलिस चौकी प्रभारी तथा टीम ने कार्यवाही करते हुए दो जनों को गिरफ्तार करने साथ 12 पानी कि मोटरें तथा एक चोरी कि मोटर साइकिल बरामद कर गुडामालानी थाने लाया गया । रामजी का गोल पुलिस चौकी प्रभारी पहलादराम गोदारा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार कार्यवाही करते हुए जसाराम पुत्र राणाराम जाति जाट निवासी भीमथल,लूभाराम पुत्र टीकमाराम जाति जाट निवासी पाबू बेरा भीमथल को गिरफ्तार किया । जिससे पास से किसानों के द्वारा खेती करने को लेकर नहर कि डिग्गी पर रखी पानी कि 12 मोटरें तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की । रामजी का गोल पुलिस चौकी प्रभारी सहित टीम द्वारा आरोपीयों को गिरफ्तार कर पुछताछ को लेकर गुडामालानी पुलिस थाने लाया गया ।

सालाना जलसा सपन्न

धोरीमना। उपखंड के कोलियाना गांव में हजरत सय्यद जलालुद्दीन शाह का सालाना जलसा व जश्नें ईद मिलादुन्नबी बडी अकीदतो एहतराम के साथ मनाया गया। उर्स मे शरीक होने वाले अकिदत मदं जायरीन जलसे मे सामिल होने के लिए निजी बसो व वाहनों मे मे दरगाह शरीफ पहुंचे। उसके बाद चादर पोशी व गुलपोशी की रसम के बाद तिलावत ए कुरआन के बाद कार्यक्रम शुरू हुआ। मौलाना अब्दुल मुस्तफा सोहरवर्दी ने आए मोमिनों को मोहम्मद के सच्चे रास्ते पर चलने की अपील की। उसके बाद मौलाना गुलाम हेदर सिद्दिकि ने भी नमाज के बारे में मोमिनो को समझाया। मौलाना अली सोहरवर्दी ने भी अहले सुन्नत वल जमात को मोहम्मद साहब के बताए गए रास्ते पर चलने की अपील की।

मुकेश दर्जी अध्यक्ष बने

धोरिमन्ना, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के आलमनगर मंडल के ओबीसी मोर्चा मंडल के अध्यक्ष पद पर दुसरी बार मुकेश कुमार दर्जी शौभाला जेतमाल को नियुक्त किए। ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष निंबाराम प्रजापत ने पार्टी के प्रति समर्पण व सक्रियता को देखते हुए दुसरी बार दर्जी ओबीसी मोर्चा मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किये। राज्य मंत्री के के बिश्नोई, जिला अध्यक्ष बाबू सिंह राजगुरु व आलमनगर मंडल अध्यक्ष भभुताराम भाम्भू ने सोशल मीडिया के जारी नियुक्त होने की शुभकामनायें दीं ।

जवाई नदी में डूबने से युवक की मौत

जालोर, (कासं)। पुलिस थाना आहोर क्षेत्र के गुडा बालोतान में गणपति विसर्जन के दौरान जवाई नदी में युवक के डूबने का मामला दर्ज करने को लेकर पुलिस थाना में रिपोर्ट सौपी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तेजाराम पुत्र टीमाजी, जाति भील, निवासी थांवला, तहसील आहोर, जिला जालोर ने रिपोर्ट पेश कर बताया कि मैं व मेरा पुत्र राहूल 14 सितम्बर को अन्य लोगों के साथ गणपति विर्सजन के लिए शाम करीब 4 बजे गुडाबालोतान सरहद मे जवाई नदी के किनारे विर्सजन के लिए गया था, तब गुडा के जवाई किनारे रपट से लगभग 50 फीट दूर मंद गति से बहते पानी मे गणेश विर्सजन के लिए पैर रखा, तो अचानक से पानी में डुब गया। वहां सीसी रोड के कार्य करने वाले ठेकेदार ने सी.सी. रोड के नीचे रेत डालने के लिए 20 फीट गहरा गढ्ढा खोद रखा था, लेकिन जवाई नदी में पानी होने के कारण समतल दिखाई दे रहा था। जिस कारण उक्त गढ्ढा दिखाई नही देने के कारण उस गढ्ढे में डुबने से उसकी मृत्यु हो गयी।

उक्त सी.सी. रोड निर्माण कार्य ठेका पंचायत समिति आहोर के विकास अधिकारी के माध्यम से ग्राम पंचायत गुडाबालोतान के सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी एवं ठेकेदार के माध्यम से करवाया गया था, तथा खनिज विभाग के क्षेत्राधिकारी के इस्पेक्टर की लापरवाही के कारण मेरे पुत्र राहूल की मृत्यु हो गयी है। उक्त लोगो के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की गई।

प्रतियोगिता शुरु

रेवदर (निसं)। जिला स्तरीय खो-खो खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ जगसीराम कोली पूर्व विधायक रेवदर के मुख्य आतिथ्य एवं सुबोध सिंह चारण उपखण्ड अधिकारी की अध्यक्षता में हुआ। प्रधानाध्यापक निखिल गर्ग ने बताया कि प्रतियोगिता में छात्र एवं छात्राओं की कुल 82 टीमो के 965 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उद्घाटन मैच (छात्र वर्ग) जीवन दिप विद्या मंदिर वरमान एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय डांगराली के मध्य खेला गया जिसमें डांगराली विजेता रही। छात्रा वर्ग में स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल झाडोली एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय करेली के मध्य खेला गया जिसमे करेली की टीम विजेता रही। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कृष्णपाल सिंह देवडा सरपंच डबाणी, पूनम सिंह सोलंकी अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रेवदर के साथ-साथ महंत श्री पूरण भारती जी महाराज, कैलाश जोशी वसिया के ग्रामवासी उपस्थित रहें।

गणपति बाप्पा मोरिया के गूंजे जयकारे

जालोर, (कासं)। जालोर शहर के पुरा मोहल्ला स्थित गणेश भक्त मंडल सेवा समिति के तत्वावधान में शनिवार को गणपति प्रतिमा के विसर्जन को लेकर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में गणपति बाप्पा मोरिया के जयकारो से गुंजयमान हो उठे।

जालोर में गणेश भक्त मंडल सेवा समिति की ओर से सात दिवसीय गणपति महोत्सव के तहत विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। शनिवार को भगवान श्रीगणेश प्रतिमा की विसर्जन को लेकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा पुरा मोहल्ला से गाजो बाजो के साथ रवाना हुई। शोभायात्रा में गैरियो व गुजरात के गरबा नृतको ने उत्कृष्ठ नृत्य की प्रस्तुति दी। वही रामू सिरसा ने शिव ताण्डव के नृत्य व अघोरी द्वारा अग्नि नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति देकर भक्तो को मंत्रमुग्ध कर दिया। वही मोटू पतलू, कच्छी घोडी नृत्य, बहुबली सहित कई झांकिया ने हर किसी को अपनी ओर आकृषित किया। शोभायात्रा में बलगाडी व ऊँटगाडी पर भक्तजन मातृशाक्ति द्वारा भजनो की प्रस्तुति देकर पुरे माहौल को धर्ममय बना दिया। शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई विसर्जन स्थल पहुंची। जहां गणपति प्रतिमा का विसर्जन पूजा अर्चना कर पुरी श्रद्धा के साथ किया गया। शोभायात्रा को देखने के लिए पुरे मार्ग भक्तो की भीड़ नजर आई। शोभायात्रा में भक्तो में उत्साह, उमंग व उल्लास नजर आया।

जालोर में गणेश भक्त मंडल सेवा समिति की ओर से गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर शोभायात्रा निकाली गई।

'आईएल-6 बायोमार्कर से फेफडों की सूजन का पता चला'

जोधपुर। डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज त्वचा और एमडीआरयू विभाग ने आईसीएमआर-एनआईआईएच मुंबई के साथ संयुक्त सहयोग से चल रही स्क्लेरोडर्मा परियोजना में महत्वपूर्ण परिणाम के साथ पूरी की।

डॉ. दिलीप कच्छावा ने बताया मरीजों को फेफडों में सूजन अधिक थी, जिसका पता आईएल-6 बायोमार्कर से चला। आईएल-6 एक बहुक्रियाशील बायोमार्कर साइटोकिन है जिसे सूजनरोधी प्रभाव के साथ तीव्र चरण प्रतिक्रिया में मुख्य मध्यस्थ के रूप में मान्यता प्राप्त है, जो आईएल-1 और टीएनएफ-ए उत्पादन पर नियंत्रण रखता है। डॉ. कच्छावा ने सिलिका परियोजना टीम डॉ. वंदनाप्रधान, वैज्ञानिक डी, आईसीएमआर-एनआईआईएच, मुंबई, डॉ. प्रभुप्रकाश , नोडल अधिकारी, एमडीआरयू , एसएन मेडिकल कॉलेज, डॉ. श्वेता माथुर , वैज्ञानिक, एमडीआरयू , एसएन मेडिकल कॉलेज, दिव्यांशु तंवर, प्रयोगशाला तकनीशियन, एमडीआरयू को उत्कृष्ट प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया।

डॉ. दिलीप कच्छावा

डॉ. कच्छावा ने यह भी बताया कि आईसीएमआर द्वारा वित्त पोषित एक और नई परियोजना जिसमें इरास्मस सिंड्रोम और इडियोपैथिक सिस्टमिक स्केलेरोसिस सिंड्रोम को अलग करने के लिए जीन नोटस3 टी6746सी पर अध्ययन होगा। त्वचा विभाग और एमडीआरयू जल्द ही इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू करेंगे। त्वचा विभाग से डॉ. कच्छावा, डॉ. पंकज राव, एमडीआरयू से डॉ. प्रभुप्रकाश और डॉ. श्वेता माथुर काम करेंगे।

भक्तों ने जीमी प्रसादी

जोधपुर, (कासं)। श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति एवं श्री अठासेन संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में भव्य भजन संध्या एवं प्रसादी का आयोजन किया गया । जिसमें बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद थे। श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति के सत्यवान जिंदल ने बताया कि समाज सेवी स्व. कैलाश नारायण सिंघल की स्मृति में आयोजित भजन संध्या एवं प्रसादी का आयोजन चौपासनी रोड प्रथम पुलिया पर स्थित श्री अठासेन संस्थान में रखा गया। जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक शुभम पारीख ने भजनों की प्रस्तुति दी। उमेश लीला व राजन अग्रवाल ने बताया कि इससे पूर्व अतिथि नीरज सिंघल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

जसोल मां के भक्त ने लगाया छप्पन भोग

बालोतरा । बालोतरा के निकट जसोल में भक्तों के मन मे म्हारी मां माजीसा बिराजे, भाद्रपद मेले में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड रहा है। लोग नाचते-गाते, भजन गाते व झूमते हुए जसोलधाम पहुंच रहे है। जंहा वे अपनी श्रद्धा का सुमन माजीसा को चढा रहे है।

भाद्रपद मास की शुरुआत से ही प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु जसोलधाम पहुंच रहे है। ऐसे में श्री राणी भटियाणी मन्दिर संस्थान, जसोल की ओर से दर्शनों को आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा की माकूल व्यवस्थाएं की गई है। बडे मेले को लेकर संस्थान द्वारा श्रद्धालुओं के लिए छाया, पानी, चिकित्सा व प्रसादी चढाने की उचित व्यवस्था की गई है। जिसका श्रद्धालु लाभ ले रहे है। संस्थान की ओर से शुरू की गई भोजन प्रसादी (अन्नपूर्णा प्रसादम) व कन्या पूजन का लाभ सीधा श्रद्धालुओं को मिल रहा है।

श्रद्धालु अपने परिवार के साथ पहुंच पूजा अर्चना कर लाभ ले रहे है। और संस्थान कि पहल का स्वागत कर रहे हैं। इसी कडी में भाद्रपद शुक्ल पक्ष द्वादशी को महाप्रसादी भोग, छप्पन भोग, कन्या पूजन, कन्या प्रसादी व भोजन प्रसादी (अन्नपूर्णा प्रसादम) का लाभ आहान नायर पुत्र श्रीमती एवं ममता नायर-आंनद नायर सपरिवार जोधपुर हाल-निवास मुंबई व दुबई की ओर से लिया गया।

आनन्द नायर ने कहा कि जसोल धाम से हमारी 15 वर्षों से आस्था है। माँ से हमने जो मांगा हमारी मनोकामना को पूरा किया है। अब बदले स्वरूप में धाम का नजारा बेहद ही खूबसूरत लग रहा है। पहले जब आते थे तो एक छोटे स्थान पर दर्शनों को लेकर खडा रहना पडता था। आज संस्थान की और से बहुत सराहनीय व्यवस्थाएं की जा रही है, जो श्रद्धालुओं के लिए अनुकरणीय पहल है।

इस दौरान आहान नायर, आनंद नायर, ममता नायर, जेतमाल सिंह राठौड (अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी, बाडमेर), विक्रमसिंह बुडीवाडा, बलवंतसिंह धारणा, मालदेवसिंह नौसर, भूपतसिंह, जोगसिंह, रामसिंह, अर्जुनसिंह, दिग्विजयसिंह असाडा, प्रवीणसिंह टापरा, ओम पालीवाल सिणली, राकेश परिहार बालोतरा सहित जसोल मां के अन्य भक्तगण मौजूद रहे।

खेल टूर्नामेंट का उद्घाटन

जालोर, (कासं)। भारत के सबसे बडे स्मॉल फाइनेंस बैंक (एसएफबी), एयू एसएफबी ने आज अपने बहुप्रतीक्षित एयू बनो चैंपियन ग्राम-स्तरीय खेल टूर्नामेंट के चौथे संस्करण का उद्घाटन किया। यह बैंक के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के तहत एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसे सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछडे ग्रामीण बच्चों और युवाओं के बीच खेल के प्रति जुनून जगाने के लिए डिजाइन किया गया है। 7-8 सितंबर और 14-15 सितंबर 2024 को निर्धारित दो चरण में ग्रामीण स्तरीय टूर्नामेंट राज्य के 60 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। यह टूर्नामेंट पूरे क्षेत्र के गांवों के हजारों युवा एथलीटों को प्रेरित करेगा और उनकी उम्मीदों को पूरा करने में मदद करेगा।

क्षत्रिय घांची समाज का पैदल जत्था रवाना

भीनमाल, (निसं)। शहर में स्थित घांचियो के चौहटे से शनिवार को घांची श्रीमती झीनीदेवी तगाराम चौहान के घर से मोदरान आशापुरी माताजी दर्शन लिए क्षत्रिय घांची समाज का संघ पैदल रवाना हुआ। संघ में सैकडों की संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए।

घंचियों के चौहटे से होते हुए बडे चौहटे तक शोभायात्रा का आयोजन गाजे -बाजे डीजे व जयकारों के साथ हुआ। इसमें युवाओं ने धार्मिक गीतों पर नृत्य करते हुए संतोषी माता, आशापुरी माताजी, सोनाणा खेतलाजी के जयकारों के साथ हमारे घांची समाज के चारों पंच अध्यक्ष भगवानराम चौहान, कलाराम चौहान, भीखाराम परमार व बाबूलाल बोराणा के नेतृत्व में हरी झंडी दिखाकर संघ को रवाना किया।

इस मौके पर वीराराम चौहान, कालूराम चौहान, मफाराम चौहान, देवाराम चौहान, जुगराज चौहान, अर्जुन चौहान, बगदाराम चौहान गलबाराम चौहान, मादाराम सोलंकी, मसराराम चौहान, उकाराम चौहान, खेताराम गहलोत, दिनेश चौहान, बगदाराम बोराणा, पारसमल परमार, दिनेश भाटी, बगदाराम परमार, भगवान राम चौहान, हीरालाल सोलंकी, पुखराज परमार, पदमाराम भाटी, सुरेश भाटी, मोहनलाल चौहान, कृष्ण कुमार चौहान, प्यार राम चौहान, कान्तिलाल चौहान, प्रतापराम भाटी सहित बडी संख्या में लोग मौजूद रहे।

पीर गंगानाथ महाराज चातुर्मास संपन्न कर गाजे बाजों के साथ पहुँचे भेरुनाथ अखाडे

भक्तगण व महिलाओं ने गाजे बाजे के साथ यात्रा निकाली

जालोर, (कासं)। पीर गंगानाथ महाराज रविवार को 1 माह 21 दिन का चातुर्मास रेवत गांव में संपन्न कर जालोर के भैरूनाथ अखाडा पहुंचे। जहां भक्तो की भारी भीड उमड पडी।

चातुर्मास सेवा समिति के पारस परमार ने बताया कि इस मौके भक्तगण व महिलाओं ने गाजे बाजे के साथ हरिदेव जोशी सर्किल पर उनका स्वागत किया। इस दौरान अन्य मठों व मंदिरों के संतों ने पीर गंगानाथ को चातुर्मास समाप्त करने पर बधाई देकर माला पहनाकर स्वागत किया गया

भैरूनाथ अखाडा एवं सिरे मंदिर धाम के पीर गंगानाथ महाराज ने 26 जुलाई को भैरूनाथ अखाडे से शोभायात्रा के साथ रेवत गांव स्थित अमरनाथ मंदिर के लिए प्रस्थान किया था। वही पीर गंगानाथ महाराज रेवत गांव में चार्तुमास के दौरान 1 माह 21 दिन तक भक्ति में लीन रहे। इस दौरान रेवत में प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। प्रतिदिन जालोर जिले सहित अन्य जिलों से भक्तों ने उनके दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

जालोर। पीर गंगानाथ महाराज का चातुर्मास रेवत गांव में संपन्न कर जालोर के भैरूनाथ अखाडा पहुंचने भक्तों ने स्वागत किया।

वही पीर गंगानाथ महाराज अपना चार्तुमास पूर्ण कर रविवार को जालोर लौटे। इस दौरान रेवत गांव से हजारों की संख्या में ग्रामीण जयकारों के साथ उन्हें पुन: जालोर के भैरूनाथ अखाडे पहुंचाने आए।

इस दौरान जलधंरनाथ धर्मशाला में चातुर्मास सेवा समिति द्वारा भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया वही भामाशाहओं का बहुमान किया।

इस दौरान गोल महंत आसा भारती, जागनाथ महंत महेंद्रभारती, सुरेश्वर महादेव महंत महावीरगिरी, मल्केश्वर मठ सेवा भारती , धुनिया मठ सोमपूरी ,माण्डवला मठ लाल भारती,मीठालाल दर्जी, नवीन सुथार ,ओबाराम देवासी ,कनिष्क चौधरी, नैनाराम लुहार, गजाराम देवासी सूजाराम प्रजापत, छात्रराम सुथार , मकसिंह मेवाडा, मोहन घाँची, गमनाराम माली , बंशीलाल सेन अन्य संत महात्मा व भक्तगण मौजूद रहे।

स्नेह मिलन समारोह हुआ

भीनमाल। स्थानीय नीलकंठ महादेव मंदिर में रविवार को मनिहारी, फुटवियर एवं जनरल मर्चेंट एसोसिएशन का स्नेह मिलन समारोह आयोजित हुआ। जिसमें सभी व्यापारी, मनिहारी, मित्र, बंधुओं ने भाग लिया।

एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी ललित होंडा ने बताया कि सर्वप्रथम नीलकंठ महादेव का जयकारा लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। धार्मिक आयोजन तथा मेलों में संयुक्त व्यापार संघ के द्वारा जल-पान की व्यवस्था की जावे। इस संबंध में भी सभी की सहमती बनी। संगठन में सभी मित्रगण, व्यापारी-बंधु मिलजुल कर एकता का संदेश देवें। इस प्रकार के कार्य कर दूसरे संगठनों के लिए लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन संगठन में कार्य करें।

हौंडा ने बताया कि इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक शेखर व्यास, भंवरलाल माली, अर्जुनसिंह भूतेल, श्रवण सिंह राव, सुरेश अग्रवाल सहित कई लोगों ने विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में भाग लिया। कार्य म में अध्यक्ष नवल किशोर राठी, संरक्षक नरेश सुखाडयि, भंवरसिंह दहिया, उपाध्यक्ष देवेंद्रसिंह, सूजाराम चौधरी, विष्णुदास वैष्णव, महासचिव प्रवेश माली, कोषाध्यक्ष कैलाश माहेश्वरी, महादेव राठी, ईश्वरसिंह दुधवा,राजू भाई चौधरी, प्रवीण लखारा, जुगलकिशोर राठी, राजेश राठी, लवनीत राठी, सहित मनिहारी, फुटवियर एवं जनरल मर्चेंट एसोसिएशन के दुकानदार व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

हिंदी का समावेशीपन ही उसकी ताकत है : सिंदल

जोधपुर। राजस्थान दिव्यांग सेवा समिति, जोधपुर द्वारा संचालित श्री कृष्ण स्वाध्याय केंद्र गीता भवन में हिंदी दिवस के उपलक्ष में हिंदी भाषा की संवैधानिक स्थिति एवं काव्य पाठ का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती वंदना के साथ दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का आगाज किया गया।

प्रतिभागी तन्नु द्वारा हिंदी भाषा की महता पर कविता प्रस्तुत की।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजस्थान सरकार के पर्यावरण ब्रांड एंबेसेडर डॉ.निर्मल गहलोत द्वारा मुख्य अतिथि प्रसिद्ध कवि दिनेश सिंदल का सम्मान किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ.गहलोत ने बताया कि हिंदी भाषा हमारे स्वाभिमान की भाषा है हमारे गौरव की भाषा है तथा हमें इसका सम्मान करते हुए आगे बढ़ ाना है। कवयित्री जायसवाल द्वारा हिंदी भाषा की वर्तमान स्थिति के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए।

मुख्य अतिथि दिनेश सिंदल द्वारा अपने उद्बोधन व काव्य पाठ से कार्यक्रम को रोचक व मनमोहक बना दिया। सिंदल द्वारा एकल काव्य पाठ में विभिन्न समकालीन घटनाओं पर कविता पाठ किया। सिंदल ने बताया कि हिंदी भाषा ताकतवर भाषा है और जो भाषा बोलचाल में होती है वही भाषा जिंदा रहती है,कविता पाठ में बताया कि कविता सुख-दुख को व्यक्त करती है कविता मनुष्य मनुष्य के बीच भेदभाव को खत्म करती हैं।कविता पाठ के साथ गजलों से भी समां बांधा,जिसमें प्रमुख गजल फूल बगिया में..... मौसमी बारूदी.....दियासलाई.... जैसी मनोरजंक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में स्वाध्याय केंद्र के सभी प्रतिभागी व समिति के सहसचिव अमित सिंह,सदस्य गजेंद्र सिंह डॉ.जसराज शर्मा,कर्मवीर सिंह,पुष्पेंद्र सिंह,प्रधान राम,अरुण विश्नोई,किशन उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन डॉ.प्रेम सिंह राजपुरोहित सहायक आचार्य हिंदी विभाग द्वारा किया गया।समिति के मानद महासचिव डॉ.अरविंद जोशी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

नए अधिवक्ताओं का पंजीयन

जोधपुर, (कासं)। बार कौंसिल ऑफ राजस्थान की पंजीयन समिति की बैठक रविवार, को डॉ. महेश शर्मा की संयोजकता में, बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के कार्यालय में संपन्न हुई एवं पंजीयन समिति द्वारा करीब 35० नए अधिवक्ताओं का पंजीयन किया। पंजीयन समिति के सदस्य बलजिंदर सिंह सांधू बैठक में उपस्थित थे।